Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संख्या :– 17–वि0 सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019....238**

प्रेषक,

**जय सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण,
जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा।
**समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बांका।

**पटना, दिनांक** : 25-01-2021

विषय :– विशेष सर्वेक्षण कार्यो की प्रगति के लिए शिविर एवं ग्राम स्तरीय निरीक्षण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दिनांक–13.01.2021 को विशेष सर्वेक्षण की समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निदेश के आलोक में बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा एक शिविर प्रति सप्ताह एवं विशेष सर्वेक्षण चल रहे दो मौजा प्रति सप्ताह का निरीक्षण किया जाना है।

उक्त निदेश के आलोक में राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यो की समीक्षा के लिए निर्धारित बिन्दुओं के संदर्भ में आवश्यक है कि शिविर एवं ग्राम स्तरीय निरीक्षण के दौरान अन्य बिन्दुओं के अतिरिक्त निम्नांकित बिन्दुओं की भी समीक्षा की जाए :–

**शिविर स्तरीय समीक्षा के बिन्दु :–**

1. शिविर कार्यालय में सूचना पट पर प्रपत्र–1 की उद्घोषणा, कार्यरत विशेष सर्वेक्षण अमीनों के नाम एवं उनसे संबंद्ध ग्रामों का नाम शिविर कार्यालय भवन के बाहरी दिवार पर विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी का नाम एवं मोबाइल नं0 प्रदर्शित किया गया है या नहीं।
2. शिविर अंतर्गत जन–जागरूकता के लिए लगाए गए होर्डिंग बैनर की संख्या एवं रख–रखाव की स्थिति। शिविर अंतर्गत यदि माइकिंग का कार्य किया गया है तो शिविर में उसकी तिथि का संधारण किया गया है अथवा नहीं ?
3. शिविर में कार्यरत पदाधिकारी / कर्मियों की उपस्थिति संधारण की समीक्षा। ऑनलाइन उपस्थिति संधारण एवं उपस्थिति पंजी के अनुश्रवण की स्थिति।
4. शिविर अंतर्गत संधारित विभिन्न प्रकार की पंजीयों की समीक्षा।
5. शिविर अंतर्गत ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण ग्रामों की संख्या एवं मोन्यूमेंटेशन की स्थिति।
6. शिविर कार्यालय भवन एवं उपलब्ध आधारभूत संसाधनों, कुसी, टेबुल, आलमीरा इत्यादि की समीक्षा।
7. रैयतों से प्राप्त स्वघोषणा की पंजी, बंशावली की गार्ड फाइल की संधारण एवं सॉफ्टवेयर में संधारण की स्थिति।
8. प्रपत्र–3 एवं 4 के संधारण की समीक्षा।
9. ग्रामवार ग्राम अभिलेख के संधारण की स्थिति।

10. शिविर में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण लिपिकों के कार्य की समीक्षा। अमीनों द्वारा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्रों के स्कैनिंग एवं डाटा इन्ट्री करने के बाद लिपिकों द्वारा इन कागजातों को अमीन से प्राप्त करने एवं संधारित रखने की समीक्षा।
11. विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली, 2012 यथा संशोधित 2019 के नियम 9 के आलोक में याददास्त पंजी एवं खेसरा पंजी का निरीक्षण।
12. खानापुरी पर्चा एवं एल0पी0एम0 निर्गत और वितरण की समीक्षा।
13. खानापुरी पर्चा वितरण पश्चात् ग्रामवार प्राप्त आपत्तियों का संधारण और उनके निष्पादन की स्थिति।
14. प्रपत्र–12 में प्रारूप प्रकाशन के पूर्व ग्रामवार विश्रान्ति के प्रथम चरण की समीक्षा।
15. शिविर में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले मानचित्र, कर्मी, संसाधन इत्यादि की उपलब्धता की स्थिति।
16. शिविर से संबंधित अंचल से शिविर को सरकारी भूमि का व्यौरा, जमाबंदी पंजी इत्यादि को उपलब्ध कराए जाने की स्थिति।
17. विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी और कानूनगो द्वारा विशेष सर्वेक्षण अमीन के डायरी का निरीक्षण किए जाने की समीक्षा।

**<u>ग्राम स्तरीय समीक्षा</u>**

1. ग्राम के जन प्रतिनिधियों और निवासीयों के मध्य विशेष सर्वेक्षण संबंधी जागरूकता की समीक्षा।
2. ग्राम की खेसरों पंजी का सत्यापन कानूनगो एवं विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के स्तर से किए जाने की स्थितिं
3. ग्राम में संभावित रैयतों एवं खेसरों की संख्या। कितने रैयतों द्वारा स्वघोषणा एवं बंशावली समर्पित की गई है। संबंधित ग्राम के रैयतों को स्वघोषणा एवं बंशावली समर्पित करने हेतु प्रोत्साहन किये जाने कार्रवाई की समीक्षा।
4. विगत सर्वेक्षण एवं विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के अनुसार ग्राम के कुल रकवा की तुलनात्मक स्थिति।
5. ग्राम में अवस्थित सरकारी भवनों/भूमि की समीक्षा। क्या संबंधित विभागों/अंचल द्वारा भूमि का ब्यौरा उपलब्ध कराया गया है ?
6. भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–5 एवं प्रपत्र–6 के संधारण की स्थिति।
7. ग्राम के त्रि–सीमाना पर लगायें गए पिलर का निरीक्षण। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा त्रि–सीमानों पर स्थापित किए गए मोन्यूमेंटेशन (Tertiary Control Point) के डी0जी0पी0एस0 द्वारा लिए गए Coordinate का सत्यापन।
8. ग्राम अभिलेख के संधारण की समीक्षा।
9. याददास्त पंजी एवं खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) की समीक्षा।
10. खानापुरी पर्चा एवं एल0पी0एम0 वितरण की समीक्षा।
11. खानापुरी पर्चा वितरण के पश्चात् आपत्तियों के प्राप्ति एवं उनका निष्पादन।
12. अमीन डायरी का निरीक्षण।

विश्वासभाजन

22.1.21

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–वि0 सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019.......238.......**पटना, दिनांकः**–25-01-2021

**प्रतिलिपि** :– सभी संबंधित सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–वि0 सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019.......238.......**पटना, दिनांकः**–25-01-2021

**प्रतिलिपि** :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–वि0 सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019.......238.......**पटना, दिनांकः**–25-01-2021

**प्रतिलिपि** :–श्री शैलेन्द्र कुमार ओझा, प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
25/1/21